# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 12.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर“,अमर उजाला, दैनिक जागरण , हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स,जनसंदेश टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 12.03.2025

### शिवपुर के अवर अभियंता का वेतन रोका

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को जोन वन शिवपुर के अवर अभियंता संजय तिवारी का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया है। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि शमन मानचित्रों के निस्तारण में अवर अभियंता की ओर से कोई रुचि नहीं ली जा रही है। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि अवर अभियंता लंबित शमन पत्रावलियों का विधि संगत निस्तारण सुनिश्चित करें। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 12.03.2025

### अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ करें ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने सोमवार को साप्ताहिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, शमन शुल्क की वसूली, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करें। अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल डीजल, सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसके साथ ही वार्ड के टाप टेन बकायेदारों पर कार्रवाई करें। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 12.03.2025

### शमन मानचित्र की लापरवाही में अवर अभियंता का रोका वेतन

**मानचित्र अनुभाग में शिकायत मिलने पर हटाया गया था जेई को, कई भवन स्वामियों ने लगाया था उत्पीड़न करने का आरोप**

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** शमन मानचित्र में लापरवाही बरतने के आरोप में जोन एक (शिवपुर वार्ड) के अवर अभियंता संजय तिवारी का अग्रिम आदेश तक वेतन रोक दिया गया है। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि मानचित्र अनुभाग में रहते हुए अवर अभियंता संजय तिवारी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया। कई भवन स्वामियों ने उत्पीड़न का आरोप लगाया था। ऐसी स्थिति में उन्हें जोन एक में स्थानांतरित कर दिया गया है। यहां भी अवर अभियंता की ओर से लगातार लापरवाही बरती जा रही है।

उन्होंने बताया कि शमन मानचित्र निस्तारण की समीक्षा में पाया गया कि अवर अभियंता की ओर से लगातार लापरवाही बरती जा रही है। अवर अभियंता का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकते हुए लंबित मानचित्र को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया गया है। एक सप्ताह में लंबित शमन मानचित्र का निस्तारण नहीं होने पर प्रतिकूल प्रविष्ट देने के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। वीडीए सचिव डा.वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सभी जोन के जोनल अधिकारी और अवर अभियंता को निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में अवैध निर्माण रोकते हुए अधिक से अधिक मानचित्र स्वीकृत कराएं। शमन मानचित्र प्राथमिकता के आधार पर दूर कराएं। मासिक समीक्षा में लापरवाही मिलने पर अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई तय है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## आज–दि0 12.03.2025

### विप्रा सचिव ने बकाया की वसूली तेज करने का दिया निर्देश

विप्रा सभागार में मंगलवार को सचिव वेद प्रकाश मिश्र ने दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक और कोतवाली जोन चार में भेलूपुर, नगवां और जोन पांच में रामनगर, मुगलसराय की प्रगति पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से समन मानचित्र, स्वीकृति मानचित्र, अवैध प्लाटिंग, ध्वस्तीकरण के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल डीजल सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के विरुद्ध काररवाई एवं दस बड़े बकायेदारों को लेकर चर्चा की गयी। जिसमें जोन ३ में एक, जोन ४ में पांच, जोन पांच में दो इस प्रकार कुल आठ समन मानचित्र स्वीकृत किये गये हैं जिससे कि विप्रा को करोड़ों रुपया विप्रा कोस में जमा किया। बैठक में अपर सचिव परमानंद यादव, जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, जोन चार के संजीव कुमार और जोन पांच के सिंह गौरव जय प्रकाश के अलावा तीनों जोन के अवर अभियंता सहित लिपिक बैठक में मौजूद थे।

## हिन्दुस्तान–दि0 12.03.2025

### प्राधिकरण के जेई का वेतन रोका

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के शिवपुर वार्ड के जेई संजय तिवारी का वेतन रोक दिया गया है। शमन मानचित्र के निस्तारण में लापरवाही पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने यह निर्देश दिया है। साथ ही वीडीए उपाध्यक्ष ने प्राथमिकता के आधार पर लंबित शमन मानचित्र के आवेदनों को एक सप्ताह में निस्तारित करने का निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर उनको प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 12.03.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव ने की समीक्षा बैठक



वाराणसी। प्राधिकरण सभागार में सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा जोन-3 वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली, जोन-4 भेलूपुर व नगवां, जोन-5 रामनगर व मुगलसराय का साप्ताहिक कार्यों के प्रगति 01.03.2025 से 10.03.2025 तक कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अपर सचिव परमानन्द यादव, जोन-3 के जोनल अधिकारी श्री सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियन्ता श्री राजू कुमार, जोन-4 के जोनल अधिकारी श्री संजीव कुमार, अवर अभियन्ता श्री आदर्श निराला एवं जोन-5 के जोनल अधिकारी श्री सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियन्ता श्री अशोक कुमार यादव व मुख्य भवन लिपिक, विन्यास लिपिक एवं अन्य लिपिक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में आलोच्य अवधि में जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, तावान / शमन शुल्क की वसूली, पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असन्तुष्ट प्रतिक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा, अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही, अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल / डीजल/सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशनों के विरूद्ध कार्यवाही, विन्यास व भवन वार्ड के टॉप-10 बकायेदारों आदि मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। आलोच्य अवधि में जोन-3 द्वारा कुल 01, जोन-4 द्वारा कुल 05 व जोन-5 द्वारा कुल 02 इस प्रकार कुल 08 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। आलोच्य अवधि में जोन-3, 4 व 5 द्वारा शमन शुल्क के मद में कुल रु0 1,01,74,962,.00 प्राधिकरण कोष में जमा हुआ।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 12.03.2025

# वीडीए सचिव ने की अधिकारियों संग बैठक

**बैठक**

**जोन स्तर पर की शमन शुल्क और जनशिकायतों की समीक्षा**

**जाना कार्यों की प्रगति,जोन से प्राप्त जनशिकायतों की ली जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** वीडीए सचिव ने मंगलवार को अधिकारियो संग बैठक कर जोन स्तर पर शमन शुल्क और जनशिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान वीडीए सभागार में हुई बैठक में सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने कार्यो की प्रगति जाना और प्राप्त जनशिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने जोन-3 (वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली), जोन-4 (भेलूपुर व नगवां), जोन-5 (रामनगर व मुगलसराय) का साप्ताहिक कार्यो के प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कई जोनों से प्राप्त शमन शुल्क मद में एक करोड़ एक लाख 74,962रुपये की हुई वसूली के कार्यो में और अधिक प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान वीडीए सचिव ने आलोच्य अवधि में जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, तावान / शमन शुल्क की वसूली, पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असन्तुष्ट प्रतिक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। वहीं अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की गई कार्रवाई,अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल / डीजल/सी.एन.जी. फिलिंग स्टेशनों के विरुद्ध कार्रवाई, विन्यास व भवन (वार्ड) के टॉप-10 बकायेदारों आदि मुख्य बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। आलोच्य अवधि में जोन-3 द्वारा कुल 01, जोन-4 द्वारा कुल 05 व जोन-5 द्वारा कुल 02 इस प्रकार कुल 08 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। आलोच्य अवधि में जोन-3, 4 व 5 द्वारा शमन शुल्क के मद में कुल रु0 1,01,74,962,.00 प्राधिकरण कोष में जमा हुआ। जिसमें अपर सचिव परमानन्द यादव, जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति,अवर अभियन्ता राजू कुमार, जोन-4 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता आदर्श निराला एवं जोन-5 के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियन्ता अशोक कुमार यादव व मुख्य भवन लिपिक, विन्यास लिपिक एवं अन्य लिपिक उपस्थित रहे।